श्री श्रीश चन्द्र दीक्षित

मुख्य परामर्शदाता

पूर्व सांसद व पूर्व पुलिस महानिदेशक

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंघल

राष्ट्रीय प्रधान

पूर्व सांसद (राज्य सभा) व पूर्व पुलिस महानिदेशक

मे . ज . (से दृ नि .) विश्वास स . जोगलेकर

राष्ट्रीय कार्यकारी प्रधान



संपादक

प्रो0 सतीश चन्द्र

संपादक मंडल

डॉ महेश चन्द्र

देवेन्द्र मित्तल, रामाश्रय उपाध्याय

प्रो0 श्री धर पन्त, डॉ0 रामशरण गौड़

प्रकाशक व मुद्रक

देवेन्द्र मित्तल (उपप्रधान)

प्रकाशन स्थान

3308, सेक्टर–डी–3 वसंत कुंज,

नई दिल्ली – 110070

SUBSCRIPTION RATE

Inland	:	Life Rs. 800/-
		Annual 100/-
Overseas	:	Life US$ 100
		Annual US$ 10
Per copy	:	£1 $1.50, IRs 15

ADVERTISEMENT TARIFF

Outer Cover	:	**Rs.**	**15000/-**
Inner Cover	:	**Rs.**	**12,000/-**
Full Page	:	**Rs.**	**10,000/-**
Half Page	:	**Rs.**	**5,000/-**

Payable by MO/Bank Draft/Crossed Cheque in the name of

Sanskritik Gaurav Sansthan
869- Sector-A, Pocket-C, Vasant Kunj,
New Delhi-110070

मुद्रण स्थान

ऋषि ऐन्टर प्राइजेज

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

BI-MONTHLY
वर्ष 9 अंक 1 विषय सूची कार्तिक – 2064 वि . नवम्बर 2007ङ

ङ

सरदार पटेल और पंथ निरपेक्षता –*गौरीशंकर भारद्वाज* 2
पीड़ा –*पं. जगदीश लाल शर्मा* 4
तिब्बत के दलाई लामा 6
कठघरे में वाममोर्चा 7
पं. बंगाल के गाँवों में गरीबी कम ! 7
फासीवाद का नया ठिकाना 8
भूमिहीन ग्रामीणों की बढ़ती मुश्किलें 9
मुसलमानों की समस्याएं जानने के लिए एक और सर्वे 10
हिन्दुओं की पहचान नष्ट करने का जेहाद 11
वेबसाइट के जरिए युवाओं तक पहुँचा हाईटेक अल कायदा 11
शहरों का रुख करने वाले नक्सली हाईटेक हुए 12
जेहादी व सिख आतंकवादियों की करतूत 12
गोकशी में लिप्त तीन को गांव से निकाला 13
धार्मिक यात्रा की आड़ में दवाओं का कारोबार 13
दारुल उलूम में विदेशियों का बार–बार आना ठीक नहीं 14
बंदों की बंदगी में फरक न हो 14
कानून, समाज और साहित्य – *पवन चौधरी 'मनमौजी'* 15
कविताएं, पुस्तक समीक्षा, पाठकों के पत्र, 17–20
'गुजरात का सच' के संबंध में विहिप द्वारा दिया गया संयुक्त प्रेस–वक्तव्य 21

Seven facts that nail the lies about Gujarat - *B.P.Singhal* 22
Duty does not permit repentance -
-The butchers of Calcutta ***-Andrew Whitehead*** 24
Am I a Hindu? *- Chandan Mitra* 26
The dragon still looms ***-Udayan Namboodiri*** 28
Pakistani First Law & Labour Minister,
J.N.Mandal's Resignation Letter 30
Diary of Events, Select Articles and Book Reviews 38-47

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

सरदार पटेल और पंथ निरपेक्षता

गौरीशंकर भारद्वाज

सरदार पटेल की पंथनिरपेक्षता की अवधारणा व्यावहारिक थी। वह सभी संप्रदायों के व्यक्तियों को समान न्याय प्रदान करने के प्रबल पक्षधर थे। किन्तु उनकी पंथनिरपेक्षता का सबसे बड़ा आधार राष्ट्रीयता व देशभक्ति के विचार व भाव थे। श्री वी.शंकर ने ठीक ही लिखा है fd "Sardar Patel's deluted secularism was more popular and had more adherents than Pt. Nehru's absolute secularism." अतः आज भी सरदार पटेल की पंथनिरपेक्षता की अवधारणा प्रासंगिक हैं। सरदार पटेल संविधान सभा की अल्पसंख्यक उपसमिति के अध्यक्ष थे। उनके द्वारा दिनांक 26 मई 1949 को संविधान सभा के समक्ष प्रस्तुत अल्पसंख्यकों संबंधी रिपोर्ट इस बात का प्रमाण है कि अल्पसंख्यकों के अधिकारों, कल्याण व विकास के लिए उनके मन में पूरा आदर और संकल्प था किन्तु साथ ही **उनका यह दृढ़ मत था कि पंथ निरपेक्षता का अर्थ हिन्दुत्व का परित्याग अथवा हिन्दुओं के हितों की सर्वथा उपेक्षा नहीं है।** यह तो अन्य संप्रदायों के प्रति न्यायोचित दृष्टिकोण रखना है। उनकी पंथ निरपेक्षता की सबसे बड़ी कसौटी थी– देश के प्रति वफादारी और अटूट देशभक्ति। इस रिपोर्ट में निहित निम्नलिखित अंश विशेष उल्लेखनीय हैं।

क. डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जैसे कुछ प्रगतिशील राष्ट्रीय मानस वाले नेताओं का अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने में प्रस्ताव से मतभेद था, जो आरंभ से ही किसी भी प्रकार के आरक्षण के विरुद्ध थे। मेरा विश्वास है कि आज उनको यह देखकर खुशी हो रही होगी कि उनकी अभिलाषा पूरी हो रही है।

ख. जिन लोगों का यह दावा था कि इस देश में दो राष्ट्र हों और दोनों के बीच कोई समानता नहीं हो सकती तथा जिन लोगों का अभी भी विचार है कि उनके पास एक ऐसा वतन होना चाहिए जहाँ वे आजादी से साँस ले सकें, मैं उन लोगों से अपील करता हूँ कि वे पाकिस्तान जाकर उस स्वतंत्रता का उपयोग करें और हमें शांति से रहने के लिए छोड़ दें। **जो लोग मजहब के आधार पर प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं, उनके लिए भारत में कोई स्थान नहीं है।**

ग. कोई जाति वर्ग यह सोचे कि उसके हित देश के हितों से भिन्न हैं तो यह उनकी एक बड़ी भारी भूल है।

घ. वस्तुतः किसी भी अल्पमत का भविष्य इस बात में सुरक्षित है कि वह बहुमत में विश्वास रखे।

सरदार पटेल पंथनिरपेक्षता में विश्वास रखते हुए भी एक अत्यंत धर्मप्राण व निष्ठावान् हिन्दू थे। वह हिन्दू संस्कृति के कट्टर समर्थक थे। आधुनिक सोमनाथ मंदिर का निर्माण उन्हीं के सद्प्रयासों का सुपरिणाम है। पं. नेहरु के प्रबल विरोध करने के बावजूद सरदार पटेल के आग्रह पर प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इसका उद्घाटन किया। सरदार पटेल के दीर्घ अवधि तक अत्यंत विश्वासपात्र व अन्तरंग निजी सचिव रहे श्री वी. शंकर ने अपनी फस्तक "My Reminiscences of Sardar Patel" में लिखा है कि फसरदार पटेल हिन्दू समाज के फनरुत्थान और फनर्जागरण में विश्वास रखते थे। उन्होंने सदा यह अनुभव किया कि हिन्दू कुल मिलाकर विनीत स्वभाव के और समझौता करने वाले हैं। **हिन्दू देश में बहुमत में हैं किन्तु उनका पिछड़ापन और उनमें संगठन व अनुशासन की कमी एवं दूसरे संप्रदायों के शरारती तत्त्वों से अपनी रक्षा करने में उनकी असमर्थता, उनके चरित्र की दुर्बलता है।**य

दिसम्बर 1947 से जनवरी 1948 के संकटपूर्ण काल में लखनऊ में दिए गए भाषणों में उन्होंने कुछ मुसलमानों की देश के प्रति वफदारी की कमी तथा घोर सांप्रदायिक दृष्टिकोण की कटु आलोचना की थी। इससे पं. नेहरु ने त्यागपत्र की धमकी दी थी और गाँधी जी से शिकायत की थी कि देश में सांप्रदायिक समस्या को लेकर सरदार पटेल का दृष्टिकोण ठीक नहीं है। वास्तव में मुसलमानों की स्थिति को लेकर सरदार पटेल के विचारों को इन भाषणों के सही परिप्रेक्ष्य में नहीं देखा गया, जिसके लिए उनकी उस समय अनुचित आलोचना की गई।

देश के विभाजन के समय दिल्ली में उग्र सांप्रदायिक तनाव के दौरान सरदार पटेल ने वास्तविक पंथनिरपेक्षता तथा मानवीय संवेदना का उच्च स्तरीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए निजामुद्दीन औलिया की दरगाह में शरण लेने वाले हजारों

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

मुसलमानों की सैंकड़ो सशस्त्र लोगों द्वारा घेराबन्दी किए जाने की सूचना मिलने पर सरदार पटेल ने तत्काल स्वयं अपनी उपस्थिति में सेना की सहायता से सभी मुसलमानों को सुरक्षित निकाला।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा मुसलमानों की देश के प्रति संदेहपूर्ण वफदारी तथा अराष्ट्रीय गतिविधियों के विषय में 17. 10.1947 को लिखे पत्र के उत्तर में सरदार पटेल ने 18.7.1948 को उनको भेजे गए पत्र में लिखा कि फ्मुसलमानों के बारे में भरत में कुछ अराजक तत्त्वों की उपस्थिति में निहित संभावनाओं के बारे में मैं आपसे पूर्णतः सहमत हूँ। हम राष्ट्र की सुरक्षा की आवश्यकताओं और पंथ निरपेक्षताओं के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही कर रहे हैं। (Selected Correspondence of Sardar Patel)

दिनांक 9.10.1950 को हैदराबाद में गाँधी भवन के शिलान्यास के अवसर पर सरदार पटेल ने स्पष्ट कहा था कि :

फ्मैं मुसलमानों से कहना चाहता हूँ कि वे भारतीय नागरिक के रूप में समान अधिकार रखते हैं तथा वे भी शांति, कानून तथा सरकार के पूर्ण संरक्षण में रहने के हकदार हैं। साथ ही प्रत्येक नागरिक को चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान, एक भारतीय नागरिक की तरह व्यवहार करना होगा, अनुभव करना होगा और काम करना होगा। कुछ मुसलमान सोचते हैं कि पााकिस्तान उनके लिए तीर्थ स्थल है। यदि वे हृदय से ऐसा सोचते हैं तो उनका कर्त्तव्य है कि वे अविलम्ब भारत छोड़ कर पाकिस्तान में जा बसें। (My Reminiscences of Sardar Patel- V.Shankar यदि सरदार पटेल की चेतावनी को ओर ध्यान दिया गया होता ते आज हैदराबाद – आतंक, अराजकता व देशद्रोह का केन्द्र नहीं बनता।

काश्मीर को लेकर सरदार पटेल ने मुसलमानों से कहा था कि फ्मैं भारतीय मुसलमानों से एक प्रश्न पूछता हूँ कि हाल ही में संपन्न **अखिल भारतीय मुस्लिम सम्मेलन** में आपने काश्मीर के मामले पर अपना मुँह क्यों नहीं खोला था? आपने पाकिस्तान के काश्मीर पर आक्रमण की निन्दा क्यों नहीं की? ये बातें लोगों के दिमाग में शक पैदा करती हैं। **मैं मुसलमानों का दोस्त होने के नाते स्पष्ट कहना चाहता हूँ कि अब आपका कर्त्तव्य है कि आप देश की मुख्यधारा में अपने आपको आत्मसात कर लें। मैं आपसे बिना लागलपेट के स्पष्ट करना चाहता हूँ कि आप दो घोड़ों पर सवार नहीं हो सकते। मैं नहीं चाहता कि कोई हमारी आँखों में धूल झोंके। जो अभी भी दो घोड़ों पर सवार हैं, उन्हें हिन्दुस्तान छोड़ना होगा।य** (My Reminiscences of Sardar Patel- V.Shankar) सच तो यह है कि आज तक किसी अखिल भारतीय स्तर के मुस्लिम नेता या इमाम अथवा मुस्लिम बुद्धिजीवी ने खुलकर भारत में काश्मीर के विलय का सार्वजनिक समर्थन नहीं किया।

सरदार पटेल ने मार्च 1950 को पं. नेहरु को लिखे पत्र में कहा था कि फ्मैंने इस तथ्य पर जोर दिया है कि हमाारे पंथ निरपेक्षता के आदर्श भारत के हमाारे मुस्लिम नागरिकों पर भी जिम्मेदारी डालते हैं। **भारत की आबादी के बहुत बड़े भाग के लोगों में मुसलमानों की देश के प्रति वफदारी के विषय में बने रहने वाली शंकाओं और भय को दूर करने की जिम्मेदारी मुसलमानों की है।** इन शंकाओं और भय का आधार है – कुछ मुसलमानों की दुर्भाग्यपूर्ण दुष्प्रवृत्तियाँ। (Selected correspondence of Sardar Patel)

वास्तव में पं. नेहरु का दृष्टिकोण प्रारंभ से ही मुसलमानों के प्रति तुष्टीकरण का रहा। किसी पीड़ित या उपेक्षित मुसलमान के मामले में पं. नेहरु बहुत ध्यान देते थे किन्तु किसी अन्य संप्रदाय के व्यक्ति के विषय में वह ऐसा नहीं करते थे। एक कांग्रेसी नेता होने के नाते उनका मानना था कि अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के प्रति उनकी विशेष जिम्मेदारी है किन्तु जिस बात पर उनका ध्यान कभी नहीं गया, जैसा कि **एक भू.पू. राज्यपाल ने कहा था कि यदि अल्पसंख्यकों की मांगों को पूरा करते रहे तो एक दिन ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी जब बहुसंख्यक की रक्षा करनी पड़ जाएगी।** सरदार पटेल – पं. नेहरु के इस दृष्टिकोण से सहमत नहीं थे कि केवल मुसलमानों की सुरक्षा और उनका हितवर्धन किया जाए तथा हिन्दुओं की सुरक्षा व हितों की उपेक्षा की जाए।

स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर आज तक पंथनिरपेक्षता की निम्नलिखित दो समानान्तर धाराएँ प्रवाहमान रही हैं।

क. पटेलवादी पंथनिरपेक्षता की अवधारणा – जो सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सभी को समान रूप से न्याय एवं किसी भी संप्रदाय का तुष्टीकरण नहीं बल्कि सभी संप्रदायों को पूर्ण सम्मान पर आधारित है।

ख. नेहरुवादी पंथनिरपेक्षता की अवधारणा – जो पं. जवाहर लाल नेहरु और उनकी खानदानी कांग्रेस पार्टी द्वारा पोषित एवं अपने राजनीतिक स्वार्थसाधन हेतु वोटों के सौदागर सपा, बसपा, राजद व डीएम.के. आदि राजनीतिक दलों एवं

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

तथाकथित मानवाधिकारवादियों द्वारा समर्थित घोर अन्ध हिन्दुत्व विरोधी तथा अल्पसंख्यकों के निर्लज्ज तुष्टीकरण पर आधारित है।

यह कैसी नेहरुवादी पंथनिरपेक्षता है कि गुजरात में प्रतिक्रिया स्वरूप हुए दंगों पर तो रातदिन विलाप किया जाता है लेकिन काश्मीर में हुए भयंकर नरसंहार, हिन्दू मंदिरों का ध्वंस एवं काश्मीरी पंडितों का बलात् घाटी से पलायन के फलस्वरूप बेघरबार होने पर धृतराष्ट्र की संतति के इन अन्धे–बहरे व उद्भ्रान्त छद्म पंथनिरपेक्षतावादियों के कान पर जूँ नहीं रेंगती। वास्तव में सरदार पटेल प्रसूत पंथनिरपेक्षता को अपनाने से ही राष्ट्र का कल्याण, भावनात्मक ऐक्य और सर्वतोमुखी विकास होगा।

15 दिसम्बर, 1950 को यह भारत–प्रदीप सदा के लिए बुझ गया।

भारत–रत्न उस महान् कर्मयोगी को शत–शत नमन।

'पूर्व विधायक, दिल्ली

पीड़ा

आक्रान्ताओं ने पीड़ा दी। अपनों ने सांप्रदायिक व कट्टर, रूढ़िवादी, धर्मान्ध, न जाने क्या–क्या लांछन लगाकर हिन्दू समाज को पीड़ित किया। परिणामस्वरूप हिन्दू समाज सक्षम, समर्थ, मंचाधीश होने पर भी अपने आपको उभार नहीं पाया। दूसरी तरफ कर्मकाण्ड की जटिलताओं के कारण हिन्दू समाज रूठता, छूटता, टूटता गया। सुविधाजीवी, पराधीन होकर आंतरिक मतान्तरण करने लगा। इधर धर्म गुरुओं में भी गुरु परम्परा पनपी। अलग–अलग झण्डे व डण्डे लेकर विभिन्न देवी–देवताओं आदि के चमत्कारपूर्ण कृतियों का वर्णन करते हुए नए–नए मतों का उभार हुआ। हिन्दू समाज भ्रमित हो गया। ज्योतिषी समाज ने कर्मकाण्ड को एवं ज्योतिष ज्ञान को साधक से ज्यादा बाधक बना दिया। यथा जन्मकुण्डली में मांगलिक योग नहीं, दोष बना दिया, जिससे वैवाहिक संबंधों में विलम्ब होने लगा। तनावग्रस्त हिन्दू समाज भ्रम व भटकाव की स्थिति में पहुँच गया। इतिहास विकृतिकरण के कारण हिन्दू देवी देवताओं का चरित्र–चित्रण अभद्र एवं कलंकित स्थिति में पेश होता गया। व्यवसायियों ने अपने पैकिंग सामग्री कलेण्डरों के ऊपर देवी–देवताओं का चित्रण किया जो कूड़ेदानों में डलने लगे। गऊ माता दूध देने के पश्चात् सड़ा–गला खाने के लिए सड़कों पर छोड़ दी गई। माँ अपमानित, तो हम कैसे होंगे सम्मानित? हिन्दू पर्वों–त्यौहारों में प्रत्येक वर्ष किसी न किसी त्यौहार में किन्तु परन्तु लगता गया। जोशीले भाषण दिए गए, धर्मशास्त्रों से भाषण दिए गए किन्तु किसी ने भी इनमें एकरूपता लाने का प्रयास नहीं किया जबकि यह अतिसरल कार्य है।

भगवान् श्रीराम से जुड़े हुए समस्त पर्व अयोध्या से, श्रीकृष्ण से जुड़े हुए पर्व मथुरा–वृन्दावन से, भगवान शिव के पर्व काशी से, भगवान् गणपति के महाराष्ट्र से हैं। इसी प्रकार समस्त प्रान्तों के कुछ पर्व लेकर पूरे देश में एक मान्य बिन्दु के आधार पर पंचांग की सहायता से मनाएं तो सामाजिक–धार्मिक एकता लाई जा सकती है। दुर्भाग्य से एक आवाज़ उठने लगी है कि उस वक्त ज्योतिष, कर्मकाण्ड, धर्म, मंत्र–तंत्र, मुहूर्त, चमत्कार, देवी–देवता कहाँ थे जब हमारे देश की बहु–बेटियां माताएं लूट का माल घोषित करके आक्रान्ताओं एवं मतान्तरित अपनों के द्वारा ही यौन शोषित उत्पीड़ित होकर कराह रही थीं। 15 आक्रान्ताओं ने विशाल नालान्दा विश्वविद्यालय नष्ट–भ्रष्ट कर दिया। पानीपत के मैदान में 15 हजार मराठों पर 1500 आक्रान्ता हावी हुए। हम गुलाम हुए, इतिहास साक्षी है। ठीक है धर्मशास्त्र मूल्यावान हैं लेकिन समस्त–जन धर्मशास्त्रों का अध्ययन नहीं कर पाते। इसलिए परम्परानुसार चलते हैं जो परिवार से परिवार में आगे बढ़ती जाती है।

एक सोच मंच से यह भी उभर कर पाई कि हमारे देश में लाखों की संख्या में धर्माचार्य जगद्गुरु, कथावाचक, प्रवचनकर्ता, संत, महामण्डलेश्वर, देश के चारों कोनों में धर्म की अलख जगाए हुए हैं। देश में 26 लाख से ज्यादा धर्मस्थानों में धर्मरक्षक साधक के रूप में व्यवस्था समितियों के पदाधिकारी ब्राह्मण फजारीगण भी मौजूद हैं। एक–एक धमाचार्य अपने 10–10 अनुयायियों को भी लेकर एकमंचीय होकर उद्घोष करने की स्थिति में उभरें तो सरकारें क्या संसार भी इन्हें मान्य करेगा। उसे प्रचार से जरूर बचना होगा जो सड़कों पर और मीडिया द्वारा प्रचारित–प्रसारित किया जाता है कि हिन्दुओं के पास मंदिर मुद्दे के अलावा कुछ नहीं? जगतवासियों से जुड़ा हुआ सन्त मानव जीवन के लक्ष्य स्वस्थ सुखी जीवन की ओर मानव समाज को अग्रसर करता है। गरीबी, बेरोजगारी, मंहगाई, कानून, व्यवस्था, देश में बढ़ती अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, राजनीतिक अस्थिरता देश में व्याप्त कलूषण–प्रदूषण,

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

जल–संसाधनों का अभाव, कृषि पर छाया संकट, बढ़ती आत्महत्याएं, दान आधारित मंदिरों, धर्मस्थानों की बढ़ती संख्या तथा उनमें घटती श्रद्धालुओं की संख्या, मंदिरों का प्रसाद बनना लेकिन उनसे प्रसाद गायब होना। धर्मस्थानों का स्वावलम्बी न होना। हिन्दुओं के गोविन्द, गीता, गाय, गंगा, गायत्री –पांचों गकारों एवं श्रीराम सहित अन्य देवी–देवताओं का लांछित चरित्र–चित्रण, मंदिरों में चढ़े फूलों का निस्तारण न होना, बढ़ता आतंकवाद आदि के कारण भयभीत हिन्दू को इन समस्याओं से कैसे मुक्त किया जा सकता है? यह ठीक है कि इनकी राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाएं नहीं लेकिन राजधर्म पालन करने वाले नेताओं का उपर्युक्त की ओर ध्यान आकर्षित करना अपना फर्ज मानते हैं। अभी भी वक्त है कि संतजन कृपया अपनी श्रेष्ठता–विशिष्टता के अहम् को एक बार भौतिक सुविधाओं से उबर कर एकमंचीय होकर जनमानस को निर्देश **दें–साथ रहे हैं, साथ रहेंगे, आपस में हम नहीं लड़ेंगे।**

यदि ये रामसेतु अथवा रामजन्मभूमि अथवा उपर्युक्त वर्णित अन्य समस्याएं लेकर जनमानस के सामने प्रकट होंगे तो सरकार को त्वरित निर्णय लेना ही पड़ेगा। जितना देश इन राजनीतिबाज़ों का है उतना ही धर्माचार्यों एवं अन्य सभी का है। **कथावाचकों का, प्रवचनकर्ताओं का विशेष उत्तरदायित्व है कि कथाओं में पीड़ाहरण–पीड़ाभरण करते हुए गौरवशाली इतिहास का वर्णन करते हुए जनमानस के सामने निर्भय–निष्कपट होकर प्रस्तुत करें–जीयें आन से और मरें मान से, कर्मपथ पर मुस्कुराते हुए चले शान सें।**

श्रीमद्भवद्गीता का यह संदेश जीवनी शक्ति का कारक–धारक है। मेरी स्पष्ट मान्यता है कि जब भी समाज पर संकट आया है तो संत–धर्माचार्य समाज–निर्भीक होकर अग्रणी हुआ है। जैसे भगवान् श्रीरामचन्द्र जी ने **निशिचरहीन करौं महि भुज उठाइ पण कीन, सकल मुनिन के आश्रमन्ही जाइ जाइ सुखदीन।** आसुरीवृत्तियों के विनाश का संकल्प भगवान् श्रीराम ने किसी राजनीतिक मंच *पर नहीं अपितु शिक्षा ज्ञान के भण्डार आश्रमों में जाकर संत जनों की प्रेरणा से किया था।*

भय लगे जब सपनों से तो क्या करें, खतरा हो जब अपनों से तो क्या करें? शरण ले निःसंकोच तब किसी सिद्ध संत की, सन्मार्ग पर चलना सिखाए, दे दिशा भगवंत की। संत समाज किसी राजनीतिक दल विशेष से जुड़ाव नहीं रखता अपितु समाज अथवा राष्ट्रहित में निर्णय लेता है। आज नितांत आवश्यकता है कि संत समाज सामूहिक रूप से अविलम्ब निर्णय करे अन्यथा श्री रामधारीसिंह दिनकर की पंक्तियां भुलाने से भी नहीं भूल पाएंगीं :

वक्त को जिसने नहीं समझा उसे मिटना पड़ा है।
बच गया तलवार से तो फूल से कटना पड़ा है।
क्यों न कितनी ही बड़ी हो, क्यों न कितनी ही कड़ी हो।
हर नदी की राह से चट्टान को हटना पड़ा है।

विनीत :

पं. जगदीश लाल शर्मा

बी–48, रघुवीर एन्क्लेव, नज़फगढ़, दिल्ली

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

तिब्बत के दलाई लामा

अमेरिका जब दलाई लामा को कांग्रेसनल गोल्ड मैडल के जरिए अपने देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजता है तो इसके विरोध में चीन का गुस्सा कितना बोना और पिलपिला नजर आता है। वह चाहकर भी अगर अमेरिका का कुछ बिगाड़ नहीं सकता तो उसका कारण साफ है। **सिर्फ इसलिए नहीं कि अमेरिका विश्व में अकेली ऐसी महाशक्ति है जिसको किसी भी हद तक जाकर दादागीरी दिखाने से कोई परहेज नहीं और अपनी तमाम शक्ति गाथाओं के बावजूद चीन उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता है, बल्कि इसलिए भी कि तिब्बत पर अपना अवैध कब्जा जमा लेने के करीब आधी सदी के बीत जाने के बावजूद चीन उसे अपने एक स्वाभाविक और स्वस्थ हिस्से के रूप में न तो दुनिया के सामने पेश कर सकता है और न ही दुनिया से वैसा मनवा सका है। आज से करीब छह दशक पहले जब पंडित नेहरु तिब्बत को चीन के हवाले करने के राजनीतिक और सांस्कृतिक अपराध कर आए थे, उस अपराध बोध से भारत आज तक उबर नहीं पाया है तो चीन, जिसे अपराध का सौ फीसदी फायदा मिला, उस अपराध बोध से भला कैसे उबर सकता है।** वह नहीं उबर सकता है, इसका सबसे बड़ा और क्या प्रमाण चाहिए कि चीन द्वारा कब्जाए जाने के बाद दमन और धौंसपट्‌टी का शिकार बना दिए गए तिब्बत के निर्वासित, सैन्य शक्तिविहीन और महज आध्यात्मिक गुरु होने के बावजूद अकेले दलाई लामा चीन की पूरी ताकत और तानाशाही पर भारी पड़ते रहे हैं। तिब्बती तो तिब्बती ही हैं, वे चीनियों की तरह हान नहीं। इसलिए तो चीन ने करोड़ों हान तिब्बत में बसा कर वहाँ की आबादी और आबादी में रची–बसी तिब्बती संस्कृति का चेहरा और संतुलन बिगाड़ कर रख देने की भरसक कोशिश कर ली है। पर इससे न तो वह तिब्बतियों द्वारा वहां चलाए जा रहे संघर्ष को खत्म कर पाया और न ही दुनिया से तिब्बत नामक मुद्दे का वजन और चमक कम कर पाया है, और न ही दलाई लामा के आध्यात्मिक बल से उपजी राजनीतिक हस्ती को खरोंच लगा पाया है। चीनी नेताओं के मन में बसे डर की हालत तो यह है कि दलाई लामा कहते हैं, क्योंकि वे इससे अधिक दबाव बना पाने की हालत में ही नहीं हैं कि उन्हें स्वतंत्रता नहीं, सिर्फ चीन में रहते हुए अर्थपूर्ण स्वायत्तता चाहिए, पर चीनी सत्ताधीशों के कान इतना तक सुनने को भी तैयार नहीं हैं। दलाई लामा भरोसा दिलाते रहते हैं कि इस स्वायत्तता को वे आजादी की सीढ़ी के रूप में इस्तेमाल नहीं करेंगे पर चीनी सत्ता केन्द्रों में पसरा अपराध बोध एक संत की वाणी का भी भरोसा करने को तैयार नहीं है। **चीन के हाथों तिब्बत का खुला निर्मम दमन उस दुनिया में हो रहा है जहाँ कहने को एक राष्ट्र संघ है, लोकतंत्र का दम भरने वाले असंख्य देश हैं और मानव अधिकारों का नाम लेकर छत पर से चिल्लाने वाले ढेरों संगठन मौजूद हैं। चिंता तो बस इतनी है कि तब इस कुटिल दुनिया में तिब्बत की कौन सुनेगा जब दलाई लामा भी नहीं रहेंगे। न जाने चीन कब कौन सा खेल खेल दे क्योंकि उसके रास्ते में जो सबसे बड़ी अड़चन है, उसका नाम है दलाई लामा।**

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली दि. 20 अक्टूबर 2007 से साभार

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

कठघरे में वाममोर्चा

प्रमुख विपक्षी दल भाजपा को यह लोकतांत्रिक हक हासिल है कि वह भारत–अमेरिका परमाणु मुद्दे के मौजूदा हश्र के संदर्भ में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर फब्तियां कसे। भाजपा की फब्तियों का जवाब कांग्रेस और प्रधानमंत्री को देना है पर देश के जिम्मेदार नागरिकों का यह सोचने का पूरा अधिकार बनता है कि आखिर क्यों भारत जैसी उदीयमान आर्थिक व राजनीतिक महाशक्ति के वर्तमान प्रधानमंत्री दुनिया के सामने एक कमजोर नेता के रूप में पेश कर दिए गए हैं? भारत जैसे बड़े और ऐतिहासिक देश का प्रधानमंत्री, वयस्क वोट आधारित 100 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले लोकतंत्री देश भारत का प्रधानमंत्री, नेहरू और इंदिरा जैसे तेजस्वी प्रधानमंत्रियों की विरासत को थामने वाले शक्तिशाली देश का प्रधानमंत्री क्यों अपने हाथ मलता हुआ नजर आ रहा है? **अगर आज दुनिया के सामने भारत का प्रधानमंत्री एक विवश और किंकर्त्तव्यविमूढ़ नेता जैसा नजर आ रहा है कि तो निःसंदेह भारत की तस्वीर को बिगाड़ने वाली इस हालत का ठीकरा वाममोर्चा के ऊपर डाले बिना नहीं रहा जा सकता जिसने देश की लोकतंत्री प्रणाली के तमाम फायदे उठाने की चतुराई दिखाते हुए इस प्रणाली की जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ रखा है।** अगर आपने केन्द्र में एक गठबन्धन सरकार को एक साझा कार्यक्रम के आधार पर बाहर से समर्थन देने का बीड़ा उठाया था और कैबिनेट में शामिल होकर जवाबदेही का बोझ ढोए बिना वह बीड़ा उठाया था तो आपसे यह अपेक्षा कतई नहीं है कि आप अपनी विचारधाराई जिदों को शीर्ष पर रखकर सरकार को लड़खड़ा दें। **आपको भारत–अमेरिका परमाणु करार स्वीकार नहीं तो वापस लीजिए समर्थन और जाइए जनता के सामने। ये तो कोई बात न हुई कि आप समर्थन भी वापस न लेंगे और सरकार को भी नहीं चलने देंगे, उसे लूला–लंगड़ा बनाकर रख देंगे।** कभी आप इस करार को क्रियान्वित न करने की जिद करते हैं तो कभी आप परमाणु एजेंसी से संवाद तक स्थापित न करने की हिदायतें दे डालते हैं। आपको इतना सुनना तक भी मंजूर नहीं कि अमेरिका आपकी सभी कोशिशों को मानो फुस्स करते हुए कहता है कि करार को पूरा करने की कोई लगी–बंधी समय सीमा नहीं है। आखिर आप चाहते क्या हैं? अगर अमेरिका का अंधा विरोध ही आपकी विचारधारा है तो उसे छाती से चिपका कर आप एक से दूसरे पेड़ पर छलांगते रहिए। पर प्रधानमंत्री, सरकार और देश को बंधुआ बनाकर दुनिया की निगाह में उसे अविश्वसनीय और हास्यास्पद बनाकर रख देने का आपको कोई अधिकार नहीं है। उतनी ही हैरानी कांग्रेस पर भी हो रही है कि वह किस बड़े लक्ष्य की उम्मीद में इतनी जलालत भोगने को भी मजबूर बनी हुई है? कूदिए मध्यावधि चुनाव में और ले आइए जनादेश। एक निस्तेज और ढुलमुल सरकार से आखिर किसका भला हो रहा है? जितना लंबा जीवन इस लुंज–फंज बना दी गई सरकार को मिलेगा, देश और कांग्रेस को उतना ही ज्यादा नुकसान होने वाला है। यह एक ऐसा राजनीतिक गणित है जिसको समझने में दूसरा कोई भी गलती कर सकता है किन्तु सोनिया गांधी नहीं।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली दिनांक 19.10.2007 से साभार

प. बंगाल के गाँवों में गरीबी कम !

विरोध की राजनीति के आदी हो चुके कामरेडों को पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी कम होना भी हजम नहीं हो रहा है।

पश्चिम बंगाल सरकार ने विधानसभा से सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कराकर केन्द्र सरकार को भेजा है और गरीबी रेखा को फिर से परिभाषित करने की मांग की है। विधानसभा से पारित प्रस्तााव को लेकर मंत्रियों का एक दल दिल्ली आया था।

गत मार्च में योजना आयोग ने वर्ष 2004–05 की गणना पर आधारित देश में गरीबी के आँकड़े जारी किए। 1999–2000 की गणना के बाद योजना आयोग ने 2004–05 में गरीबों की गणना की थी।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

नए आँकड़ों के मुताबिक पूरे देश में गरीबी घटी है। इसमें पश्चिम बंगाल भी है। यहां शहरों में गरीबी बढ़ी है लेकिन गांवों में गरीबी घटी है। आँकड़ों के मुताबिक पश्चिम बंगाल का प्रतिशत 24.7 हो गया है और यह आबादी दो करोड़ से अधिक है।

शहरों में गरीबी का प्रतिशत 14.80 है और आबादी 35.14 लाख है जबकि गांवों में गरीबी का प्रतिशत 28.6 है और आबादी 173.22 लाख है। राज्यों में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति आय पिछली गणना के 350.17 रुपये के मुकाबले 382.82 रुपये हो गई है और शहरों में 409.22 के मुकाबले 449.32 रुपये प्रति व्यक्ति हो गई है। यह प्रतिशत काफी है। **दूसरे कुछ राज्यों के मुकाबले पश्चिम बंगाल में प्रति व्यक्ति आय कम है और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी अधिक है।** लेकिन देश के साथ–साथ पश्चिम बंगाल में गरीबी कुछ घटी है।

फिलहाल माजरा यह है कि पश्चिम बंगाल में ग्रामीण गरीबों की आबादी घटना कामरेडों को हजम नहीं हुआ। उसे आँकड़ा पच नहीं रहा है। पश्चिम बंगाल की वाम गठबंधन सरकार का कहना है कि उसके यहाँ ग्रामीण गरीब अधिक हैं।

पश्चिम बंगाल की विधानसभा में इसी साल एक अगस्त को नियम 185 के तहत सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें कहा गया है कि गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों की गिनती का तरीका ही गलत है। पश्चिम बंगाल में ग्रामीण क्षेत्र में जितने गरीब रहते हैं उतने मार्च 2007 की गणना से मेल नहीं खाते। यानि राज्य में वास्तव में जिनते लोग गरीबी रेखा के नीचे रह रहे हैं उनकी उतनी संख्या गणना में दिखाई नहीं गई है।

पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से पारित किए गए इस प्रस्ताव को लेकर मंत्रियों का एक दल दिल्ली आया। उसने ग्रामीण विकास मंत्री रघुवंश प्रसाद सिंह को अपना ज्ञापन सौंपा और साथ ही विधानसभा से पारित किया गया प्रस्ताव भी। बाद में इन नेताओं ने प्रधानमंत्री को भी ज्ञापन दिया।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली दिनांक 16.10.2007 से साभार

फासीवाद का नया ठिकाना

नंदीग्राम में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की कार्रवाई को लोकतंत्र पर धब्बा बता रहे हैं संदीप पांडे

मैं फरवरी 2007 में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा स्थापित की जाने वाली हरिफर बिजली परियोजना के विरोध में आयोजित एक बैठक में भाग लेने के लिए कोलकाता गया था। सिंगुर व नंदीग्राम की भांति हरिफर में भी स्थानीय नागरिक प्रस्तावित परियोजना का विरोध कर रहे थे, क्योंकि इससे स्थानीय मछुआरों की आजीविका पर संकट की आशंका थी। बैठक में प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बोलने वालों में लेखिका महाश्वेता देवी और संस्कृतिकर्मी सांवली मित्र भी थीं। सांवली मित्र ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार को फासीवादी बताया। वामपंथी तो फासीवाद के कट्टर दुश्मन माने जाते रहे हैं इसलिए पश्चिम बंगाल की सरकार के लिए फासीवादी शब्द में सत्तारूढ़ माकपा की प्रशासन में पकड़ को देखकर मैं अचंभित रह गया। पश्चिम बंगाल से लौट कर मुझे ऐसा लगने लगा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति भले ही ठीक नहीं हो, किन्तु राजनीतिक असहमति तथा विरोध दर्ज कराने की गुंजाइश ज्यादा है, जो लोकतंत्र के अस्तित्व की प्राथमिक शर्त है। 14 मार्च 2007 को फलिस और माकपा कार्यकर्ताओं ने जन विरोध को हिंसा से कुचलने की कोशिश की। लोग मारे गए, महिलाओं के साथ अमानवीय कृत्य किए गए। पिछले दिनों तो माकपा कार्यकर्ताओं ने बर्बरता की हदें पार कर दीं। हाल ही में अस्तित्व में आई हरमद वाहिनी ने नंदीग्राम पर सशस्त्र हमला बोलकर इलाके पर कब्जा जमा लिया। इस बार पार्टी कार्यकर्ताओं ने फलिस को भी साथ लेने की जरूरत महसूस नहीं की। कबीलाई अंदाज में उन्होंने अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। भूमि उच्छेद प्रतिरोध समिति से जुड़े लोगों के घर जलाए गए। मारपीट, हत्या और दुष्कर्म की घटनाएं हुईं। विचित्र है पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का यह कथन कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता मार्च में अपने गांवों से खदेड़ दिए गए थे। वे घर लौटने को उतावले थे। उन्होंने यह भी कहा कि ईंट का जवाब पत्थर से दे दिया गया।

फलिस प्रशासन को नाकाम कर गुंडों–अपराधियों की मदद से माकपा कार्यकर्ताओं द्वारा नंदीग्राम पर कब्जा करने को नैतिक, राजनीतिक, लोकतांत्रिक, संवैधानिक या किसी भी तरीके से कैसे जायज ठहराया जा सकता है? क्या बुद्धदेव भट्टाचार्य की भाषा 2002 में गोधरा की दुर्घटना के उपरांत गुजरात की हिंसा को जायज ठहराने के लिए नरेन्द्र मोदी के इस कथन के समान नहीं है कि प्रत्येक क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। नंदीग्राम में जो हुआ वह अक्षम्य है। मात्र तीन–चार सौ लोगों को बसाने के लिए दस से बारह हजार लोगों के घर जलवा दिए गए। करीब डेढ़ हजार परिवार राहत शिविर में

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

शरण लिए हुए हैं। मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य को यह बताना होगा कि नंदीग्राम में आखिर किस ईंट का जवाब किस पत्थर से दिया गया है? लोग घरों में लौट रहे हैं तो उनसे वसूली की जा रही है, घरों पर माकपा का झंडा फहराने को कहा जा रहा है। माकपा की शर्त न मानने का नतीजा होता है तबाही। खेत में खड़ी फसल को जबरदस्ती काट लेने की धमकी दी जा रही है। फलिस खड़ी होकर तमाशा देख रही है। राज्यपाल गोपालकृष्ण गांधी ने पहले मार्च में और अब नवम्बर में भी नंदीग्राम में माकपा कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी पर सार्वजनिक चिंता व्यक्त की तो वरिष्ठ माकपा नेताओं ने उनका मखौल उड़ाया। प्रदेश माकपा सचिव बिमान बोस ने तो उच्च न्यायालय को भी नहीं बख्शा। 14 मार्च की घटना पर उसके पैफसले को सरकार के कामकाज में दखलंदाजी बताया।

इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल लागू करने के बाद से सत्ता में इतना अहंकार नहीं देखा गया। इसलिए 14 नवम्बर 2007 को कोलकाता में बिना किसी बैनर के हजारों बुद्धिजीवी, कलाकार, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता नंदीग्राम की दुर्घटना पर अपना रोष प्रकट करने के लिए सड़क पर उतर आए। यह पश्चिम बंगाल के इतिहास में इस तरह का अनोखा व सबसे बड़ा प्रदर्शन था। माकपा अब बुद्धिजीवियों को भी सावधान रहने की धमकी दे रही है। सारे लक्षण हैं कि माकपा फासीवाद की सोच से ग्रस्त हो चुकी है। जब बुद्धदेव भट्टाचार्य कहते हैं कि वह सरकार के मुखिया होने से पहले माकपा के नेता हैं तो वह उन कल्याण सिंह की याद दिला देते हैं जिन्होंने विवादित ढांचे के ध्वंस के बाद कहा था किउनकी पहली निष्ठा आरएसएस के प्रति है। कल्याण सिंह सरकार को तो तत्कालीन केन्द्र सरकार ने बर्खास्त कर दिया था, किन्तु बुद्धदेव भट्टाचार्य के मामले में कांग्रेस की नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने चुप्पी साध रखी है। कांग्रेस और माकपा के बीच एक गठबंधन बन चुका है, जिसमें कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि वह नंदीग्राम पर कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी। नंदीग्राम में नवम्बर की हिंसा के तुरंत बाद वाम मोर्चे ने केन्द्र सरकार को नाभिकीय समझौते को साकार करने की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी से वार्ता करने की हरी झण्डी दे दी है।

नंदीग्राम की घटना जितनी जनविरोधी है उतना ही जनविरोधी है भारत–अमेरिका नाभिकीय समझौता। इस तरह कांग्रेस और माकपा, दोनों ही अपने–अपने हित साध रहे हैं। नंदीग्राम में महिलाओं के अपमान का विशेष जिक्र करना जरूरी है। यदि गुजरात में गर्भवती महिलाओं के साथ बर्बरता की घटनाएं हुईं थीं तो बंगाल में माकपा कार्यकर्ताओं ने भी यही किया। पश्चिम बंगाल में न सिर्फ एक संवैधानिक संकट खड़ा हुआ है, बल्कि एक राजनीतिक संकट भी है। नंदीग्राम में जिस तरह की करतूत माकपा कार्यकर्ताओं ने की है उससे साफ हो गया है कि दक्षिण से लेकर वामपंथ तक के सभी राजनीतिक दलों का चरित्र एक जैसा ही है। यदि देश के सभी राजनीतिक दल अलोकतांत्रिक, जनविरोधी और यहां तक कि फासीवादी हो जाएंगे तो इस लोकतंत्र में जनता के लिए क्या विकल्प बचेगा?

;लेखक मैग्सेसे फरस्कार विजेता सामाजिक कार्यकर्ता हैंद्ध

'दैनिक जागरण' दिल्ली दि. 30.11.07 से साभार

ग्राम विकास मुस्लिम तुष्टिकरण

भूमिहीन ग्रामीणों की बढ़ती मुश्किलें

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनुसार आजादी के आन्दोलन का प्रथम चरण राजनीतिक–संवैधानिक स्वायत्तता हासिल करके जनतंत्र की स्थापना करना था। खेत जोतने वाले को जमीन का मालिकाना हक देना, समग्र स्वाधीनता का दूसरा महत्त्वपूर्ण चरण था। पर अफसोस कि आजादी के 60 साल बाद भी करोड़ों लोग भूमिहीन हैं। **विश्वबैंक के अनुसार भारत में करीब 17 करोड़ लोग पूर्णतः भूमिहीन हैं तथा 25 करोड़ लोगों के पास एक एकड़ से भी कम भूमि है। सन् 1975, 1996 व 1999 में बनाए गए तमाम भू अधिकार संबंधी कानून मजाक बन कर रह गए हैं।**

हकीकत यह है कि महज 20 फीसदी भूमि पर ही हदबंदी कानून व 6 फीसदी भूमि पर काश्तकारी कानून लागू किया जा सका है। भूमि हदबंदी के तहत 76 फीसदी भूमि वितरित ही नहीं हुई है। भूदान आन्दोलन में विनोबा भावे के साथी बाल विजय भाई का कहना है कि वैश्वीकरण के दौर में भूमिहीन ग्रामीणों व विस्थापित आदिवासियों की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। सरकारी नीतियां ऐसे लोगों के पक्ष में कहीं खड़ी नजर नहीं आतीं। **आजादी के छह**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

दशकों में विकास के लिए जो भूमि अधिग्रहीत की गई, उसका खामियाजा 4 करोड़ लोग विस्थापित जीवन के रूप में भुगत रहे हैं। भू–सुधार कानूनों के तमाम छिद्रों, राजनीतिक प्रतिबद्धता में कमी, प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचार व सामंती मानसिकता के चलते भू–वंचितों और खेतिहर मज़दूरों के सामने विकट समस्या पैदा हो गई है।

कुल मिलाकर स्थिति यह है कि आजाद भारत में तथाकथित भूमि सुधार के 272 कानून और 13 संवैधानिक संशोधनों के बाद भी अधिकांश वंचितों को भू–अधिकार नहीं मिला। दबंग लोगों व प्रशासन की मिलीभगत के कारण गरीब आज भी अपनी जमीन पर मजूरी ही करने को अभिशप्त हैं।

भूमिहीनों के लिए बीते दो दशकों से संघर्ष करने वाले व एकता परिषद के अध्यक्ष पीवी राजगोपाल का मानना है कि बदलते वक्त की मांग है कि देश के लिए नई दृष्टि के साथ भूमि सुधार के एजंडे पर फिर से विचार–विमर्श किया जाए। ़ ़ ़ ़ ़

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली दिनांक 22.10.07 से साभार

मुसलमानों की समस्याएं जानने के लिए एक और सर्वे

मुस्लिम बहुल इलाकों में मुसलमानों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं का फायदा अब गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी मिलेगा। सरकार ने सच्चर समिति के बाद **अब देश भर के मुस्लिम बहुल 90 जिलों में इस समुदाय की क्षेत्रवार समस्याओं का अध्ययन करने का जिम्मा आईसीएसएसआर ;इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंसेज रिसर्चद्ध को सौंपा है।** इन इलाकों में मुसलमानों के कल्याण के लिए दी जाने वाली योजनाओं/सहायता में वहां के गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी शामिल किया जाएगा।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक सच्चर समिति द्वारा मुसलमानों के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थितियों का आकलन करने के बाद अब सरकार ने रिपोर्ट में सुझाए गए मुस्लिम बहुत 90 जिलों में मुसलमानों की जमीनी हकीकत का नए सिरे से पता लगाने के लिए आईसीएसएसआर को लगाया है।

दरअसल देश भर में फैले मुसलमानों की शिक्षा और स्वास्थ्य के मामले में तो स्थिति लगभग एक जैसी ही है पर आमतौर पर मुसलमानों की क्षेत्रवार समस्याएं अलग–अलग हैं। सरकार ने इसी के मद्देनजर प्रत्येक मुस्लिम बहुल जिले में उनकी समस्या विशेष का पता लगाने और उसके निदान के लिए रास्ता सुझान के लिए नयी पहल की है।

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि दरअसल सच्चर समिति ने वर्ष 2001 की जनगणना के मुताबिक उन 90 जिलों का चयन किया है, जिनमें मुसलमानों की संख्या सर्वाधिक है। उक्त रिपोर्ट में मुसलमानों की समस्याओं का विस्तृत अध्ययन तो किया गया है, पर क्षेत्रवार उनकी छोटी–बड़ी समस्याओं पर कोई विशेष अध्ययननहीं हुआ था।

सरकार ने इस ओर ध्यान देते हुए मुसलमानों के आज के हालात और उनकी समस्याओं का पता लगाने और उनका निदान करने के लिए योजना बनाने के आशय से आईसीएसएसआर को सर्वेक्षण का काम सौंपा है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि हालांकि यह काम मुसलमानों की समस्याओं और उनके निदान के लिए किया जा रहा है, पर इसमें यह भी ध्यान दिया जाएगा कि इन क्षेत्रों में या क्षेत्रीय व्यवसायों व उद्योग धंधों में मुसलमानों के फायदे के लिए किए जा रहे काम का फायदा उनके साथ काम करने वाले गैर–मुस्लिमों को भी मिले।

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली दिनांक 22.10.07 से साभार

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

हिन्दुओं की पहचान नष्ट करने का जेहाद

मुसलमानों में जेहाद एक पवित्र कार्य है। लादेन भी कहता है कि वह कुप्रफ के विरुद्ध जेहाद कर रहा है। तालिबान को भी ऊपर वाले से यह लाइसेंस मिला है कि वह काफिरों की खबर ले और इस्लामी व्यवस्था कायम करे। कुछ कट्टरपंथी यह समझते हैं कि हिन्दुओं, यहुदियों और ईसाइयों को कैसे भी हानि पहुँचाई जाए, विकल्प अनेक हैं। चाहे सामूहिक नरसंहार हो, उपद्रव हो, हमला हो या बम विस्फोट, सब कुछ जेहाद की श्रेणी में आता है। इस जेहाद के साथ–साथ एक और जेहाद पूरे देश में फैल रहा है वह है लविंग जेहाद यानि हिन्दू युवतियों की पवित्रता को भंग करना और फिर उनके साथ विवाह रचाकर इस्लाम स्वीकार कराना एक तीव्र फैलते जेहाद का एक हिस्सा हो गया है।

आश्चर्य की बात है कि अनेक कथित हिन्दू राजनेताओं की पारिवारिक युवतियों को मुस्लिमों द्वारा भ्रष्ट कर दिया गया। अयोध्या रथ यात्रा के समय भाजपा नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी ने जिस सलीम नामक मुस्लिम युवक को अपना रथ चालक बनाया था, उसने चार वर्ष पश्चात् आडवाणी की उच्च शिक्षित भतीजी से विवाह कर लिया। **श्रीमती शीला दीक्षित की फत्री इसरार नामक दूध विक्रेता के प्रेम में ऐसी फंसी कि उसने अपनी सारी पारिवारिक मर्यादाओं को तिलांजलि देते हुए उससे विवाह कर लिया। पूरे देश में एक संगठित अभियान चलाया जा रहा है। देश का अर्थ केवल एक मानचित्र नहीं है, उसकी अपनी पहचान है, उस पहचान को चारों ओर से नष्ट किया जा रहा है, हिन्दू लड़कियों को मुस्लिम बनाने का क्रम भी जेहाद का अंग है।**

'अग्निगामी' साप्ताहिक, मुजफ्रफरनगर, 22.10.07 से साभार

इस्लामी आतंकवाद /नक्सलवाद

वेबसाइट के जरिए युवाओं तक पहुँचा हाईटेक अल कायदा

इंटरनेट पर 100 से अधिक अंग्रेजी की ऐसी वेबसाइटें हैं जिनमें कार बम विस्फोट और अन्य आतंकवादी हमलों के वीडियो हैं। अल कायदा तथा अन्य कट्टरपंथी समूह इराक युद्ध को लेकर अमेरिका और यूरोप में रह रहे मुस्लिम युवाओं की नाराजगी को भुना रहे हैं और इन वेबसाइटों के जरिए तथाकथित जिहाद का संदेश फैला रहे हैं।

'द न्यूयार्क टाइम्स' ने आतंकवाद विशेषज्ञाओं के हवाले से प्रकाशित एक खबर में कहा है कि कट्टरपंथियों की इस सामग्री और उनके साक्षात्कारों का अवलोकन किया जाए तो स्पष्ट हो जाता है कि उग्रवादी युवा अमेरिकी और यूरोपीय मुसलमानों की इराक युद्ध तथा इस्लाम की छवि पर हमले को लेकर उद्वेलित भावनाएं जाहिर करने की अपील कर रहे हैं। अखबार के अनुसार पहले सामग्री अरबी में और फिर अंग्रेजी में तैयार की गई। भर्ती के लिए कई भाषाओं में अपील की गई है। 39 पृष्ठों की फस्तिका के एक अंग्रेजी एवं इलेक्ट्रानिक संस्करण में महिलाओं से पश्चिम के खिलाफ जंग में शामिल होने की अपील की गई है।

ऐसे ही एक वेबसाइट में यूरोपीय ईसाइयों के एक समूह 'राकन बिन विलियम्स' का जिक्र है जिसने अल कायदा का अनुसरण किया और ईश्वर से वादा किया कि वह शैतानी ताकतों से बदला लेगा। कार बम हमलों के वीडियो पश्चिमी साइट्स जैसे यू ट्यूब आदि मे उपलब्ध हैं। अलकायदा के वीडियो के 21 वर्षीय जर्मन प्रशंसक अबू सलेह के हवाले से खबर में कहा गया है कि यह बिल्कुल वैसा ही लगता है जैसे आप हॉलीवुड की कोई फिल्म देख रहे हों। सलेह बर्लिन के विभिन्न इंटरनेट कैफे में सप्ताह में दो बार केवल नई रिलीज देखने के लिए ही जाता है। ç ç ç ç ç

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली दि. 16.10.07 से साभार

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

शहरों का रुख करने वाले नक्सली हाईटेक हुए

नक्सलवादियों ने भी गांव और जंगल छोड़ शहरों का रुख कर लिया है। अपनी आर्थिक ताकत मजबूत करने के साथ–साथ नक्सली अपने को हाईटेक करने में तेजी से जुटे हैं। इतना ही नहीं वह अपनी गतिविधियों के जरिए कमाई गई बड़े पैमाने पर राशि का निवेश भी कर रहे हैं। तकरीबन एक दर्जन वेबसाइट के माध्यम से नक्सलियों की गतिविधियों की जानकारी खुफिया एजेंसी के हाथ लगी है। **ररररररर**

खुफिया एजेंसियों के अनुसार देश में फैले कई नक्सली संगठन अपनी गतिविधियों का संचालन वेबसाइट के जरिए कर रहे हैं। खुफिया ब्यूरो के संयुक्त टास्क फोर्स फिलहाल रेड डायरी डॉट कॉम, नक्सलवॉच डॉट कॉम, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल ;माओवादीद्ध डॉट कॉम जैसी वेबसाइटों की जानकारी मिली है।

खुफिया सूचना के अनुसार नक्सलवादी इन वेबसाइटों के जरिए लोगों से उनका विचार लेती रहती है और जिनके विचार उनकी विचारधारा से मिलते हैं उसे अपने संगठन में लाने की कोशिश करते हैं। इतना ही नहीं झारखंड में हथियारों के जखीरे के खेप भी वेबसाइट के जरिए पहुँचाने की जानकारी नक्सलियों ने अपने साथी को दी थी। इसकी भी जानकारी इस टास्क फोर्स को मिली है।

नोएडा, गुड़गांव सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से सटे दूसरे राज्यों में नक्सलियों द्वारा बड़े पैमाने पर प्रॉपर्टी तथा अन्य मदों में निवेश किया जा रहा है। खुफिया एजेंसी इस दिशा में अपनी जानकारी इकट्ठा करने में लग गई है कि नक्सलियों ने कहाँ–कहाँ और कितना धन का निवेश किया है।

ररररर – छोड़ दिया गया भाग

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली दि. 15.10.2007 से साभार

जेहादी व सिख आतंकवादियों की करतूत

यहाँ शहर के एक सिनेमा हाल में कल रात हुए बम धमाके की जाँच कर रहे अधिकारी इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इस विस्फोट को सिख आतंकवादियों और जेहादी समूहों ने मिल कर अंजाम दिया। अधिकारियों ने विस्फोट में आरडीएक्स के इस्तेमाल की संभावना से भी इंकार नहीं किया है। विस्फोट इतना जोरदार था कि ऑडिटोरियम की ऊँची छत से भी लटकते हुए मानव अंग पाए गए।

इस सिलसिले में पूछताछ के लिए 12 लोगों को हिरासत में लिया गया है। दूसरी तरफ राज्य सरकार ने विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो–दो लाख और घायलों को एक–एक लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि कुछ वर्षों के अंतराल के बाद प्रदेश में हुए बम धमाके राज्य में आतंकवाद के फिर से सिर उठाने का संकेत हैं।

राज्य फलिस की खुफिया शाखा के डीआईजी जगदीश मित्तल ने कहा कि विस्फोट जेहादी समूहों और बब्बर खालसा इंटरनेशनल की साठगांठ का नतीजा हो सकता है। अब तक किसी भी आतंवादी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

एनएसजी व फारेंसिक विशेषज्ञों का दल सिनेमा हाल से मिले साक्ष्यों की छानबीन में जुटा हुआ है। विस्फोट की तीव्रता काफी अधिक थी और साक्ष्यों की शुरुआती जांच में इस बात के पर्याप्त संकेत मिले हैं कि धमाके में आरडीएक्स का इस्तेमाल किया गया था। **तीन हफ्ते पहले फलिस ने पंजाब में 500 कि.ग्रा. आरडीएक्स जब्त किया था। विस्फोट**

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

की जांच का एक और पहलू यह भी है कि यह उत्तर प्रदेश और बिहार के मजदूरों को डराने का प्रयास है क्योंकि पंजाब के श्रमिक क्षेत्र पर इन्हीं प्रदेशों का दबदबा है। ׀׀׀׀׀

'राष्ट्रीय सहारा' दिल्ली दि. 16.10.07 से साभार

इस्लाम

गोकशी में लिप्त तीन को गांव से निकाला

गोकशी जैसी सामाजिक बुराई को रोकने के लिए पंचायतों ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। रविवार को गांव चांदफर में हुई महापंचायत ने गोकशी में लिप्त तीन लोगों को गांव से निकालने का फरमान सुना दिया। इसके अलावा तीन लोगों पर 51–51 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। महापंचायत में हिन्दू व मुस्लिम दोनों समुदाय के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

ज्ञात हो कि गांव चांदफर में 30 अक्टूबर की रात को कुछ लोगों ने तीन गायों की हत्या कर दी थी। इसे लेकर अगले दिन गांव चांदफर व आसपास के गांवों के लोगों ने जमकर हंगामा किया और फलिस से दोषियों को गिरफ्रतार करने की मांग की। फलिस ने गांव चांदफर निवासी शकील, अब्बू उर्फ तैयुब, शेरदीन, रसूल मोहम्मद, पप्पू खां व उत्तर प्रदेश निवासी मोना के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इनमें से शेरदीन, रसूल मोहम्मद व शकील को गिरफ्रतार कर लिया गया था। तीन दिन तक अन्य अभियुक्तों की गिरफ्रतारी नहीं होने पर चार नवम्बर को गांव चांदफर में आसपास के गांवों के गणमान्य लोगों की पंचायत हुई। पंचायत में फलिस को फरार अभियुक्तों को गिरफ्रतार करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया। साथ ही 11 नवम्बर को महापंचायत करने का फैसला किया गया।

रविवार को गांव चांदफर में श्रीचंद शर्मा की अध्यक्षता में महापंचायत हुई। श्रीचंद ने बताया कि महापंचायत में मुस्लिम व हिन्दू समुदाय ने सर्वसम्मति से दो अहम फैसले किए। फैसले के अनुसार शकील, अब्बू उर्फ तैयब को 'गांव निकाला' दिया गया। इनमें मोना भी शामिल है। इसके अलावा शेरदीन,रसूल मोहम्मद व पप्पू खां पर 51–51 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की राशि गोशाला को दी जाएगी। महापंचायत शांतिपूर्ण हुई। महापंचायत में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना छांयसा प्रभारी सुंदर सिंह फलिस बल के साथ मौजूद थे।

'दैनिक जागरण' दिल्ली दि. 12.11.07 से साभार

धार्मिक यात्रा की आड़ में दवाओं का कारोबार

पवित्र हजयात्रा की ओट लेकर देश से यौनशक्तिवर्धक दवाओं व तंबाकू उत्पादों का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के हज टर्मिनल पर शनिवार को सेक्स संबंधी दवाओं और गुटके के 18 बोरे जब्त किए गए। इसके बाद केन्द्रीय हज कमेटी ने कोई भी कामर्शियल आइटम ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

हज टर्मिनल पर यात्रियों के सामान की तलाशी लेने पर यौनशक्तिवर्धक दवाओं और गुटकों का ढेर बरामद किया गया। यह सामान हज कमेटी ने रोक लिया। इसके अलावा एक यात्री के पास से 120 जोड़ी लेडीज एवं इतने ही जेंट्स सूट मिले। दरअसल ऐसी वस्तुएं भारत में काफी सस्ती हैं, लेकिन सऊदी अरब में इनकी कीमत बहुत ज्यादा है। मसलन एक गुटका जो यहाँ डेढ़–दो रुपये में मिलता है, उसकी सऊदी अरब में एक रियाल ;लगभग 11 रुपयेद्ध कीमत है। सेंट्रल हज कमेटी के सदस्य मौलाना मोअज्जम ने बताया कि एक यात्री को 45 किलो सामान ले जाने की अनुमति है, लेकिन लोग ज्यादा सामान ले जाने की कोशिश करते हैं। इनमें कामर्शियल आइटम भी शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने वालों पर हज कमेटी जुर्माना लगा सकती है। **शरियत में प्रावधान** : मौलाना मुफ्रती अनीस आजाद कासमी कहते हैं कि कोई यात्री हज के दौरान तिजारत के लिए जायज वस्तुओं को ले जाता है तो इसमें कोई हर्ज नहीं है। वह शरियत का गुनहगार नहीं होगा। हालांकि जिस देश में वह रहता है और जिस देश की यात्रा पर जा रहा है, दोनों के कानून का पालन करना उसका फर्ज है। लिहाजा यात्रियों को इस तरह के काम से बचना चाहिए। हां, गुटका ऐसा आइटम है जिसे खाने की इजाजत शरियत नहीं देती, लिहाजा जो इसका कारोबार करेगा, वह यकीनन गुनहगार होगा।

'दैनिक जागरण' दिल्ली दि. 25.11.07 से साभार

टिप्पणी : 'धार्मिक यात्रा' शब्द के बजाए 'मज़हबी यात्रा' लिखा जाना चाहिए क्योंकि इस्लाम मज़हब है, धर्म नहीं।

PDF Created with deskPDF PDF Writer - Trial :: http://www.docudesk.com

दारुल उलूम में विदेशियों का बार–बार आना ठीक नहीं

